
# अब होगा महाकाल मार्ग का कायाकल्प , जल्द होगा सर्वे

- पुराने हरि फाटक ब्रिज के समानांतर बनेगा सिक्स लेन नया ब्रिज
- नीलकंठ मार्ग तक भक्तों को मिलेगी यह बड़ी सौगात
- सिक्स लाइन मार्ग के दोनों ओर सर्विस रोड भी बनेंगे



उज्जैन हरिफाटक (हरि फाटक का मौजूदा ब्रिज, इसके पास बनेगा समानांतर नया सिक्स लेन ब्रिज)

नवभारत न्यूज़

**उज्जैन. महाकुंभ में आने वाली श्रद्धालुओं की भारी तादाद के मद्देनजर सिक्स लाइन ब्रिज बनाए जाने की तैयारियां प्रारंभ हो गई है. हरि फ़ाटक मार्ग से बेगम बाग के आगे नीलकंठ द्वार तक एमपीआरडीसी अब सर्वे प्रारंभ करेगा.**

नवभारत से चर्चा में उज्जैन एमपी आरडीसी के महाप्रबंधक एसके मनवानी ने बताया कि धार्मिक नगरी में एक और ब्रिज की सौगात जल्द ही मिलेगी । सिहस्थ से पहले यह ब्रिज बनकर तैयार हो जाएगा ।हरि फाटक ब्रिज के समांतर ही यह नया ब्रिज बनेगा और बेगम बाग से आगे नीलकंठ द्वार पर पहुंचेगा.

### शुक्रवार को जागी सिक्स लाइन ब्रिज की उम्मीद

उज्जैनवासियों को अब तक होने वाले विकास कार्यों के कागज़ी आंकड़े तो पता चल रहे थे, धरातल पर विकास कार्य की गति धीमी होने से लोग असमंजस में थे कि आखिर 2028 के पहले बड़े-बड़े काम कैसे होंगे ।शुक्रवार को जैसे ही उज्जैन विकास प्राधिकरण ने बेगम बाग के मकानों को हटाना शुरू किया, वैसे ही अब यह उम्मीद जाग गई है कि इंदौर से उज्जैन तक आने वाला सिक्स लेन तो बन ही रहा है. अब हरिफाटक ब्रिज के समानातर एक और ब्रिज महाकाल मार्ग तक पहुंच जाएगा जो कि सिक्स लेन का होगा.


### पुराना ब्रिज यथावत रखेंगे

एमपीआरडीसी के महाप्रबंधक एसके मनवानी ने बताया कि हरि फाटक का जो मौजूदा ब्रिज है वह भी यथावत रखा जाएगा. सिंहस्थ 2028 की दृष्टि से 30 करोड़ श्रद्धालु महाकाल दर्शन से लेकर शिप्रा स्नान और साधु संतों का आशीर्वाद लेने आएंगे, ऐसे में एक और सिक्स लेन ब्रिज की दरकार महसूस की जा रही है. यही कारण है कि एमपीआरडीसी का सर्वे दो-तीन दिन में प्रारंभ हो जाएगा उसके बाद जो रिपोर्ट आएगी उस पर निर्णय लेने के पश्चात निर्माण कार्य प्रारंभ होगा.

### सिक्स लेन सड़क और ब्रिज साथ ही सर्विस रोड

उज्जैन-इंदौर सिक्सलेन का भूमिपूजन राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू द्वारा 19 सितम्बर 2024 को किया गया था. उज्जैन-इंदौर सिक्सलेन का कार्य प्रारंभिक सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करने के पश्चात मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है. उज्जैन-इंदौर सिक्सलेन मार्ग का निर्माण इंदौर अरविंदो मेडिकल कॉलेज से प्रारंभ होकर उज्जैन के हरी फाटक चौराहे तक किया जा रहा है. इस परियोजना के अंतर्गत नया हरि फाटक ब्रिज जब बनना प्रारंभ होगा तो नीलकंठ तक इसका दूसरा छोर रहेगा, और सर्विस रोड भी बनाया जाएगा. मुख्य मार्ग पर इस सिक्स लेंन के अतिरिक्त दोनों ओर दो-दो लेन की सर्विस रोड़ का भी निर्माण होने से इस मार्ग का कायाकल्प हो जाएगा. यातायात में सुगमता होगी और दुर्घटनाओं में कमी होगी. साथ ही सिंहस्थ-2028 में भीड़ प्रबंधन में सहायता प्रदान होगी.

# पीएम कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं



**भोपाल, 23 मई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में 31 मई को देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर जम्बूरी मैदान में होने वाले महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह एवं संगठन महामंत्री हितानंद ने प्रदेश कार्यालय में भोपाल जिले की बैठक को संबोधित किया.**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देवी अहिल्याबाई की जयंती कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी रचनात्मकता के साथ जुट जाएं. प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्रसिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम की व्यवस्था में महिलाओं को जिम्मेदारी देकर हमें यह संदेश देना है कि 300 साल पहले देवी अहिल्याबाई ने अगर राज्य की व्यवस्था संभाली थी, तो आज इक्कीसवीं सदी की बहनें भी इस आयोजन की जिम्मेदारी को संभाल सकती हैं. प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि देश देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मना रहा है.

देवी होल्कर ने जब व्यवस्थाओं की भारी कमी थी, ऐसे समय में स्वावलंबन, सुशासन और महिला सशक्तिकरण को लेकर मिसाल पेश की थी.

# लड़कियों के अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाला गिरोह पकड़ाया

नवभारत न्यूज़

**उज्जैन. नागदा पुलिस ने एक नाबालिग सहित छह युवकों को दबोचा है. ये सभी लड़कियों के अश्लील वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल कर रहे थे. नाबालिग को छोड़कर पुलिस ने अन्य आरोपियों का जुलूस निकाला है. गिरोह का एक आरोपी अभी फरार है. एसपी प्रदीप शर्मा ने गिरोह को पकडने पर गश्त टीम व जांच करने वाली टीम के सभी सदस्यों को दस-दस हजार रुपए इनाम में देने की घोषणा की है.**

नागदा के बिरला ग्राम थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान बुधवार-गुरूवार दरमियानी रात बीसीआई के खंडहर में घूमते हुए कुछ संदिग्धों को रोका था. पुलिस को देखकर वे भागे लेकिन इसी बीच



मोबाइल, पैनड्राइव वहीं गिर गए. टीम ने उनके मोबाइल व पैन ड्राइव टीआई को सौंप दिए. उन्हें बताया हम गश्त पर थे तब कुछ संदिग्धों को रोकने की कोशिश की तब वे भाग गए. टीआई ने मोबाइल देखे तो चौंक गए. उसमें कई अश्लील वीडियो मिले. उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को इसकी इस संबंध में पूरी जानकारी दी.

पुलिस टीम ने जांच करते हुए मोबाइल के आधार पर धरपकड़ शुरू की. पुलिस ने वीडियो में नजर आ रही लड़कियों की शिनाख्त कर उन्हें परिजनों के साथ थाने बुलाकर पूछताछ की. लड़कियों ने पुलिस को बताया था कि इन लड़कों ने उन्हें प्रेम जाल में फंसाकर शारीरिक संबंध बनाए. उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि उनके वीडियो बनाए जा रहे हैं. एक आरोपी ने वीडियो बनाया और एक लड़की को ब्लैकमेल किया. इस प्रकार यह सिलसिला अन्य लड़कियों के साथ भी चला. इस तरह गिरोह के सात आरोपियों ने पिछले सालों में कई लड़कियों से संबंध बनाए. पुलिस ने चार पीड़िताओं की शिकायत पर सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है. नागदा पुलिस ने मोबाइल और लड़कियों द्वारा दिए गए बयान के आधार पर धरपकड़ शुरू की. इस गिरोह का सरगना इंदिरा कॉलोनी निवासी सूफियान पिता सलीम, रंगोली गार्डन के पीछे रहने वाला सोहेल, चंबल कॉलोनी में रहने वाला तोहिद, चेतनपुरा में रहने वाला उस्मान और वीरू के अलावा एक नाबालिग को पुलिस ने पकड़ लिया. एक फरार बताया जा रहा है.

### पाक्सो एक्ट भी लगाया

एसपी प्रदीप शर्मा बताते हैं कि पिछले दो तीन सालों से गिरोह इसे अंजाम दे रहा था. अश्लील विडियों से लडकियों को ब्लेकमेल कर आपस में उन्हें एक दूसरे के पास भेजने की जानकारी भी आरोपियों से मिली है. 4 लड़कियों की ओर से आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए पाक्सो एक्ट भी लगाया है. पूर्व में जिले के घट्टिया थाना अंतर्गत बिछडौद गांव में भी ऐसा मामला सामने आ चुका है.



# युवतियों का शोषण करने वाले मोहसिन की फंडिंग और खातों की जांच शुरू

## हिंदू संगठनों ने उठाई आवाज, पुलिस जुटा रही बैंक व दस्तावेजों की जानकारी

**इंदौर. ड्रीम ओलंपिक शूटिंग एकेडमी संचालक मोहसिन खान पर युवतियों को शूटिंग सिखाने के नाम पर शोषण के गंभीर आरोप लगे हैं. मामले में हिंदू संगठनों की मांग के बाद पुलिस ने मोहसिन के बैंक खातों व दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है.**

आरोप है कि मोहसिन को इस काम के लिए बाहरी फंडिंग मिलती थी. मोहसिन, महू निवासी है और अन्नपूर्णा क्षेत्र में शूटिंग एकेडमी संचालित करता है. पुलिस ने लाइसेंस की ग्वालियर से पुष्टि की, जो वैध पाया गया. जानकारी के अनुसार, वह 2017 से परिवार से अलग रह रहा है. हिंदू संगठनों ने यह भी आरोप लगाए हैं कि वह विशेष रूप से हिंदू युवतियों को टारगेट करता था. पुलिस अब उससे जुड़ी संस्थाओं, बैंक खातों और फंडिंग के स्रोतों की जानकारी इकट्ठा कर रही है.

साथ ही, पीड़ित युवतियों की भी तलाश की जा रही है ताकि उन्हें न्याय दिलाया जा सके. नगर निगम को मोहसिन की संपत्ति की जानकारी भेजी गई है, जिससे उसकी गतिविधियों पर और गहराई से नजर रखी जा सके.

### युवती ने खोले राज

पूर्व रिसेप्शनिस्ट ने संस्थान संचालक मोहसिन पर लगाए गंभीर आरोप, ड्रीम ओलंपिक शूटिंग रेंज में नौकरी कर चुकी एक युवती शुक्रवार को बजरंग दल और विश्वहिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ मीडिया के सामने आई और संस्थान संचालक मोहसिन पर गंभीर आरोप लगाए .पीड़िता ने मोहसिन पर छेड़छाड़, आपत्तिजनक हरकतें, और धार्मिक भावनाएं आहत करने सहित कई गंभीर आरोप लगाए हैं. पीड़िता ने पत्रकारों चर्चा करते हुए कहा कि वह डेढ़ महीने तक संस्थान में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम कर चुकी है. उसने बताया कि जब संस्थान में बच्चे नहीं आते थे, तब मोहसिन उसे अपने फ्लैट में बुलाने का दबाव बनाता था. एक बार जब वह वहां गई, तो मोहसिन ने डबल मीनिंग भाषा में बात की और अश्लील हरकतें कीं. विरोध करने पर उसे नौकरी से निकाल दिया.

# ज्योति मल्होत्रा से पूछताछ के बाद बैरंग लौटा उज्जैन पुलिस का दल

- दो दिनों की पूछताछ में भी सामने नहीं आई उज्जैन से जुड़ी कोई भी संदेहास्पद बात

नवभारत न्यूज़

**उज्जैन. पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़ी गई यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से पूछताछ करने गया उज्जैन पुलिस का दल बैरंग लौट रहा है. उज्जैन से हिसार गए एसआईटी दल ने जिन भी बिन्दुओं पर ज्योति से पूछताछ की थी, उससे ऐसी कोई जानकारी पुलिस के हाथ नहीं लगी जिसे संदिग्ध या आपत्तिजनक माना जाए.**

उज्जैन के एडिशनल एसपी नितेश भार्गव ने बताया कि ज्योति मल्होत्रा से संबंधित वीडियो सामने आने के बाद, दो दिन पहले एसआईटी टीम को पूछताछ के लिए हिसार भेजा गया था, लेकिन पूछताछ में कोई खास जानकारी नहीं मिली.

अब टीम वापस लौट रही है. दरअसल एक साल पहले 2024 में ज्योति मल्होत्रा उज्जैन और इंदौर आई थी. इस दौरान उसने कुछ वीडियो बनाकर उसे यूट्यूब पर शेयर किया था, ज्योति के वीडियो में उज्जैन रेलवे स्टेशन के बाद का कोई भी वीडियो अपलोड नहीं किया गया. लेकिन बताया जा रहा है कि उज्जैन आने के बाद वो ज्योतिर्लिंग महाकाल के दर्शन के लिए मंदिर भी गई थी. इसी लिहाज से ज्योति से पूछताछ के लिए उज्जैन पुलिस की पांच सदस्यीय टीम मंगलवार को हिसार गई थी. दो दिन में कोई जानकारी नहीं लगने के बाद शुक्रवार को उज्जैन पहुंची. बहरहाल पुलिस अन्य माध्यम से जानकारी जुटाने की बात कह रही है. लेकिन अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ज्योति ने उज्जैन से संबंधित वीडियो बनाए भी हैं या नहीं. यदि बनाए हैं, तो कितने वीडियो बनाए गए हैं और उन्हें अपलोड क्यों नहीं किया. ऐसे तमाम सवाल हैं, जिनके जवाब इस समय पुलिस के पास भी नहीं हैं.

### इंदौर- उज्जैन के वीडियो किए थे अपलोड

बता दें कि ज्योति एक ट्रैवल ब्लॉगर है. ज्योति के यू-ट्यूब चैनल पर ज्योति ने उज्जैन और इंदौर के वीडियो अपलोड किए थे. जिसमें एक वीडियो बस यात्रा का है और दूसरा वीडियो रेल यात्रा का. इसके अलावा उज्जैन में मंदिर या किसी अन्य स्थान का कोई और वीडियो अभी तक जानकारी में नहीं आया है. जिसे लेकर बड़ा सवाल यही है कि ट्रैवल ब्लॉगर होने के बाद भी ज्योति ने पर्यटन नगरी का कोई वीडियो क्यों नहीं बनाया या फिर बनाया तो उसे शेयर क्यों नहीं किया.

# पटवारी ने लिखा मुख्य न्यायाधीश को पत्र

## हाईकोर्ट, ग्वालियर खंडपीठ परिसर में स्थापित हो डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल,23 मई मप्र कांग्रेस कमेटी ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा है. मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ परिसर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना का कार्य न्यायालय की अनुमति और सहमति के अनुरूप प्रारंभ किया गया था.**

यह कार्य भारतीय संविधान के प्रति हमारी निष्ठा और डॉ. अंबेडकर के ऐतिहासिक योगदान को सम्मानित करने का प्रतीक है. प्रदेशाध्यक्ष पटवारी ने लिखा कि ऐसी जानकारी मिल रही है कि कुछ समूहों द्वारा इस विधिसम्मत कार्य का विरोध किया जा रहा है. इससे प्रतिमा स्थापना में अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं. यह विरोध न केवल संवैधानिक मूल्यों के प्रति असम्मान को दर्शाता है, बल्कि देश की जनता की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाता है.

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी डॉ. अंबेडकर और उनके द्वारा रचित संविधान के प्रति पूर्ण निष्ठा और समर्पण रखती है. हमारी दृढ़ और स्पष्ट मान्यता है कि न्याय के मंदिर में संविधान निर्माता की प्रतिमा स्थापना न केवल न्यायोचित है.


**सीएसआईआर-पारंपरिक ज्ञान अंकीय पुस्तकालय इकाई**
(डी.एस.आई.आर, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय का स्वायत्त निकाय)
14, सत्संग विहार मार्ग, नई दिल्ली-110067
दूरभाष: 011-47011293; ई-मेल: tkdlsupport@csir.res.in
विज्ञापन संख्या-TKDL/01/2025

योग्य उम्मीदवारों से "Digitization of Traditional Agricultural Practices of India" (HCP522401) and "Digitization of Traditional Agricultural Practices of India" (HCP522401) and "Digitization of Indian Traditional Practices on Minerals, Metals, Materials and Allied Areas" (HCP522403) परियोजनाओं में पूरी तरह से अस्थायी स्टाफ हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पद, डोमेन क्षेत्र और पदों की संख्या का विवरण नीचे दिया गया है।

| Sl. No. | Project Code | Position(s) | Domain area | No. of position(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | HCP522401/522403 | Project Associate I | Patents | 2 |
| 2. | HCP522401/522403 | Senior Project Associate | Sanskrit | 2 |

विस्तृत विज्ञापन सीएसआईआर की website www.csir.res.in पर उपलब्ध है।
**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 6th June 2025**

CBC-36202/11/0006/2526
उप-सचिव
सीएसआईआर-टीकेडीएल इकाई



**कार्यलिय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**
टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी/इंजीनियरिंग (B.Tech./B.E.) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु
(मध्यप्रदेश में स्थित स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी संस्थान)
जेईई मेन-2025 प्रवेश परीक्षा की मेरिट/अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश

**प्रथम चरण**
जेईई मेन-2025 की मेरिट पर आधारित
सामान्य पूल एवं TFW की सीटों के लिए एक साथ संयुक्त रूप से आयोजित

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 27.05.2025 से 20.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 21.06.2025 से 22.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकता क्रम (Choice Filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 07.06.2025 से 24.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 25.06.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आंवटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 30.06.2025 से 04.07.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| अपग्रेडेशन का विकल्प ऑनलाइन प्रस्तुत करना | 30.06.2025 से 04.07.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| अपग्रेडेशन आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आंवटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 07.07.2025 से 10.07.2025 सायं 5:00 बजे तक |

नोट : अर्हकारी परीक्षा (हायर सेकेण्डरी) में प्राप्तांको के आधार पर प्रवेश हेतु पंजीयन दिनांक 27 मई 2025 से 12 जुलाई 2025 तक उपलब्ध रहेंगे। शेष प्रक्रिया द्वितीय चरण अनुसार रहेगी।

**द्वितीय चरण**
(प्रथमत: जेईई मेन-2025 प्रवेश परीक्षा के आधार पर तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर)

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 05.07.2025 से 12.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 13.07.2025 से 14.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकता क्रम (Choice Filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 08.07.2025 से 16.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 17.07.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आंवटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 21.07.2025 से 25.07.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| **आन्तरिक ब्रांच परिवर्तन** | |
| प्रवेशित संस्था के लिये प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन | 27.07.2025 से 28.07.2025 दोपहर 3:00 बजे तक |
| ब्रांच परिवर्तन की सूची एवं पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता | 31.07.2025 को दोपहर 3:00 बजे |

**संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC)**
(काउंसलिंग के केन्द्रीयकृत चरण उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये)
(प्रथमत: जेईई मेन-2025 प्रवेश परीक्षा के आधार पर तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर)

| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | दिनांक/समय |
|---|---|
| 02.08.2025 से 05.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 06.08.2025 प्रात: 10:30 बजे से कार्यालयीन समय तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 07.08.2025 से 10.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 11.08.2025 प्रात: 10:30 बजे से कार्यालयीन समय तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 12.08.2025 से 14.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 14.08.2025 प्रात: 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिये **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुउपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।
- द्वितीय चरण के आवंटन में जेईई मेन-2025 के आधार पर आवंटन पश्चात, रिक्त स्थानों पर अर्हकारी परीक्षा (हायर सेकेण्डरी) में प्राप्तांकों के आधार पर आवंटन जारी किये जायेंगे, अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि, जेईई मेन-2025 परीक्षा में शामिल हुए पात्र उम्मीदवारों को जेईई मेन-2025 के आधार पर काउंसलिंग में शामिल होना ही उचित रहेगा।

**प्रवेश निरस्त :**

❖ काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आंवटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

म.प्र.माध्यम/120257/2025 — **संचालक, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7390/60**